**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 5817 / कार्य-25 / 129 दिनांक 29-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'बाराबंकी के मथुरानगर में 347 लाख की पानी टंकी अधूरी : हर घर जल योजना का काम ठप, बजट की कमी से अटका कार्य'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मथुरानगर पेयजल योजना, विकास खण्ड दरियाबाद में बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लाइन- 95 प्रति0, शिरोपरि जलाशय-20 प्रति0 एवं 400 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत सम्मिलित 05 मजरों में से 04 मजरों में सीधे पम्प के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। धनाभाव के कारण शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रभावित है, धनावंटन होने के उपरान्त योजनान्तर्गत अवशेष कार्य पूर्ण कराकर समस्त ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

साथ ही अवगत कराना है कि पूर्व में प्रकाशित मथुरानगर पेयजल से सम्बन्धित खबरों की आख्या इस खण्ड के पत्रांक 29.16/कार्य-25/69 दिनांक 20.04.2026, पत्रांक 3098/कार्य-25/79 दिनांक 28.04.2026, पत्रांक 3416/कार्य-25/84 दिनांक 08.05.2026 एवं पत्रांक 3584/कार्य-25/89 दिनांक 14.05.2026 द्वारा पूर्व में भी उपलब्ध करायी जा चुकी हैं।

भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं को दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अन्दर समस्त योजनाओं के कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4- जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5- मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6- जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7- श्री जफर अहमद, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8- सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# बाराबंकी के मथुरानगर में 347 लाख की पानी टंकी अधूरी: हर घर जल योजना का काम ठप, बजट की कमी से अटका कार्य

राघवेंद्र मिश्रा | दरियाबाद (रामसनेही घाट), बाराबंकी
1 दिन पहले



347 लाख की पानी टंकी अधूरी।

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन
देश
विदेश
राशिफल

बाराबंकी के विकास खण्ड दरियाबाद के मथुरानगर में 347 लाख रुपये की लागत से बन रही पानी की टंकी अधूरी पड़ी है। यह स्थिति 'नमामि गंगे' और 'हर घर जल' योजना के तहत गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के दावों पर सवाल उठा रही है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

Scanned with OKEN Scanner

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on



परियोजना का निर्माण कार्य रुका

वर्ष 2022 में 'हर घर जल' योजना के तहत स्वीकृत इन पानी की टंकियों का काम अधर में है। बोरिंग, पाइपलाइन बिछाने सहित पूरी परियोजना का निर्माण कार्य रुका हुआ है।

Find Your Dream Home
Your perfect home sweet home
Start here



नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की यह योजना जनवरी 2024 में पूरी होनी थी, लेकिन जनवरी 2026 बीतने के बाद भी अधूरी है।

**नींव भरने के बाद से ही कार्य ठप**

मधुरानगर में बन रही इस टंकी का निर्माण कार्य 18 नवंबर 2022 को शुरू हुआ था और इसे 20 मार्च 2024 तक पूरा होना था। कार्यदायी संस्था के बोर्ड पर कार्य पूर्ण होने की समयावधि को मिटा दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने और टंकी की नींव भरने के बाद से ही निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

**परियोजना शुरू करने की मांग**


स्थानीय निवासियों राजू, मोहम्मद फहद, सोनू और छोटेलाल ने जल्द से जल्द टंकी का निर्माण पूरा कर परियोजना शुरू करने की मांग की है।

इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बजट की कमी के कारण काम रुका हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट मिलते ही निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → Follow us

## खबरें और भी हैं...

बाराबंकी में बन रही बिल्डिंग की शटरिंग गिरी: एक की मौत, 9 मजदूर मलबे में दबे, 28 लोग काम कर रहे थे



बाराबंकी ›

वीडियो

और देखें

**आज का राशिफल** मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- आज आपका कोई उलझा हुआ काम सुलझ सकता है, इसलिए पूरा ध्यान उसी पर केंद्रित रखें। आज का दिन अपने सपने और महत्वाकांक्षाएं पूरी करने के लिए अनुकूल है। दोस्तों और संबंधियों के साथ पिकनिक या गेट-टुगे...

और पढ़ें

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.

Scanned with OKEN Scanner